केन्द्रीय विद्यालय क्र.१ देवलाली
(पुस्तकालय विभाग)
कम्प्यूटर फॉरेंसिक में करियर

इस समय देश में ऐक्टिव इंटरनेट यूजर्स की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। जिस तरह से यूजर्स की संख्या में इजाफा हो रहा है, ठीक उसी अनुपात में ऑनलाइन और साइबर अपराध से जुड़े मामले भी प्रकाश में आने लगे हैं। ई-मेल से जुड़े आपराधिक घटनाओं में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इसमें खासकर फर्जी और धमकी भरे ई-मेल भेजना, कंपनियों के साथ धोखा-धड़ी, सॉफ्टवेयर की चोरी, एसएमएस हैकिंग, मोबाइल की क्लोनिंग आदि शामिल हैं। इन सब को देखते हुए ही कम्प्यूटर और नेटवर्क सुरक्षाओं पर ज्यादा ध्यान दिया जाने लगा है।

- **<u>कम्प्यूटर फॉरेंसिक</u>**

आमतौर पर कम्प्यूटर फॉरेंसिक विशेषज्ञों को साइबर पुलिस, साइबर अन्वेषक या डिजिटल डिटेक्टिव भी कहा जाता है। साइबर अपराध बाजार में तेजी से वृद्धि हो रही है। प्रत्येक व्यक्ति साइबर अपराध का कहीं न कहीं शिकार होता ही रहता है। सब कुछ साइबर होता जा रहा है इसलिए इंटरनेट पर सूचना की सुरक्षा को कायम रखने की चिंता भी बढ़ रही है। ऐसे में कानून से जुड़े क्षेत्र से लेकर सूचना प्रौद्योगिकी तक लगभग प्रत्येक क्षेत्र में रोजगार की जबरदस्त संभावनाएं हैं।

- **<u>कम्प्यूटर फॉरेंसिक की पढ़ाई</u>**

कम्प्यूटर और साइबर अपराध के तहत छात्रों को साइबर अपराध से जुड़े विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया जाता है, जिसमें कम्प्यूटरीकृत और नेटवर्क प्रचालनों में विभिन्न प्रकार के जोखिमों को समझना, कम्प्यूटर अपराध से जुड़े सुराग की पहचान करना, कम्प्यूटर अपराधों की जांच के पहलुओं के बारे में जानना, कम्प्यूटर से जुड़े अपराधों की रोकथाम के विभिन्न उपायों को समझना और कभी-कभी होने वाले साइबर नुकसान को सीमित रखने के लिए सुरक्षा तकनीकों से परिचित होना आदि शामिल हैं।

- **<u>कोर्स और योग्यता</u>**

साइबर लॉ से जुड़े कोर्स में एडमिशन 12 के बाद लिया जा सकता है। एशियन स्कूल ऑफ साइबर लॉ पुणे से साइबर कानून में डिप्लोमा- दूरस्थ लर्निंग, साइबर कानून में उन्नत डिप्लोमा-केवल दूरस्थ शिक्षा माध्यम से, एएससीएल प्रमाणित साइबर अपराध जांच-दूरस्थ एवं क्लास रूम प्रणाली। साइबर सुरक्षा से संबंधित स्नातकोत्तर कार्यक्रम में अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश दिया जाता है।

- **<u>पाठ्यक्रम की रूपरेखा</u>**

इस विषय के अंतर्गत डिजिटल मीडिया का विश्लेषण, साइबर अपराध और साइबर कानून की मौलिक बातें, कम्प्यूटर फॉरेंसिक सिस्टम और अपराध के डिजिटल सबूत, अपराधों से परिचय, कर्मचारियों द्वारा संगठन में किए जाने वाले चोरी से जुड़े अपराध, ई-कामर्स से जुड़े मामले, बौद्धिक संपदा मामले और साइबरस्पेस विषयों के बारे में पढ़ाया जाता है।

- **<u>साइबर कार्यक्रम में शामिल किए गए कानून से संबंधित विषय</u>**

इसमें न्यायालय और आपराधिक न्याय प्रणाली, आपराधिक न्याय संगठन और प्रशासन, पुलिस व्यवस्था तथा कानून लागू करने के सिद्धांत, कानून प्रवर्तन रिपोर्टिंग और रिकार्डिंग, सुधारात्मक कार्यक्रम : प्रोबेशन और पे-रोल, आपराधिक जांच, फॉरेंसिक और आपराधिक, दृश्यों की जांच, साइबर अपराध से जुड़ी घटनाएं, पुलिस तकनीकें साक्षात्कार एवं अन्वेषण, सुरक्षा की अनिवार्यता, अपराध रोकथाम, बहु-सांस्कृतिक कानून प्रवर्तन, कानून प्रवर्तन में विवादस्पद मुद्दे, घरेलू सुरक्षा आदि।

- **<u>रोजगार की संभावनाएं</u>**

इस क्षेत्र से जुड़े लोग विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार की तलाश कर सकते हैं। वेब विकसित करने वालों के परामर्शदाता, सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय या निगमित घरानों में परामर्शदाता, किसी आईटी फर्म, पुलिस विभाग या बैंकों में साइबर सलाहकार, विधिक फर्म में अनुसंधान सहायक, प्रौद्योगिकी फर्म में अनुसंधान सहायक, प्रौद्योगिकी फर्मों में सिक्योरिटी, ऑडिटर तथा नेटवर्क एडमिनिस्ट्रेटर, विधिक विद्यालयों तथा बहुराष्टरीय कंपनियों में प्रशिक्षक आदि के तौर पर करियर की शुरुआत कर सकते हैं।

Top Institutes

➢ Shankarrao Chavan Law CollegePune , Maharashtra
✓ Certificate course in Forensic & Medical Jurisprudence. (C.C.F.M.J.), 9 - 12 Months

➢ Shree J.M. Patel PG Studies & Research in HumanitiesAnand , Gujarat
✓ Master of Science (Forensic Science), 1 - 2 Years

➢ School of Forensic Science, Sam Higginbottom Institute of Agriculture, Technology & Science Allahabad , Uttar Pradesh
✓ Diploma in Finger Print Examination, 3 - 6 Months

➢ Singhad Law College Pune , Maharashtra
✓ Certificate Course in Forensic and Medical Jurisprudence, 9 - 12 Months

➢ Department of Anthropology, Panjab University Chandigarh , Punjab
✓ Diploma in (Forensic Science & Criminology)**, 9 - 12 Months**

➢ Department of Law, Saurashtra University Rajkot , Gujarat
✓ Post Graduate Diploma in Forensic Science**, 9 - 12 Months**

➢ Department of Forensic Science, Punjabi University, Patiala , Punjab
✓ Master of Science (Forensic Science)**, 1 - 2 Years**

➢ Department of Criminology & Forensic Science, Dr. Harisingh Gour University, Sagar
✓ Diploma in Criminology & Forensic Science for Police personnel**, 9 - 12 Months**

➢ Asian School Of Cyber Laws Pune , Maharashtra
✓ ASCL Certified Cyber Crime Investigator**, 9 - 12 Months**

➢ All India Institute of Speech and Hearing Mysore , Karnataka
✓ Post Graduate Diploma in Forensic Speech Sciences and Technology**, 9 - 12 Months**

➢ Amity Institute of Behavioural Health & Allied Science Noida , Delhi NCR
✓ Bachelor of Science (Hons) in Forensic Science**,**

➢ Jawaharlal Nehru Medical College, K L E University Belgaum , Karnataka
✓ Diploma in Forensic Medicine**, 9 - 12 Months**

➢ New Law College Pune , Maharashtra
✓ Certificate course in Forensic & Medical Jurisprudence. (C.C.F.M.J.)**, 9 - 12 Months**

➢ Maharshi Dayanand Law PG College Ajmer , Rajasthan
✓ Diploma in Legal and Forensic Science**, 1 - 2 Years**

➢ A.K.K.New Law Academy Pune , Maharashtra
✓ Certificate course in Forensic & Medical Jurisprudence. (C.C.F.M.J.)**, 9 - 12 Months**